बाल विवाह पर प्रशासन सख्त:

## पोहरी में 6 नाबालिग जोड़ों के विवाह रुकवाए



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 29 अप्रैल.** समाज में व्याप्त कुरीतियों में से एक बाल विवाह के खिलाफ जिले में प्रशासनिक सजगता लगातार देखने को मिल रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार बाल विवाह रोकने हेतु प्रत्येक विकासखंड स्तर पर विशेष दलों का गठन किया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को पोहरी विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सड़ में आयोजित सहरिया आदिवासी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचकर जोड़ों की उम्र का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान 6 जोड़े नाबालिग पाए गए, जिनके माता-पिता एवं आयोजन समिति को समझाइश देकर विवाह तत्काल रुकवाए गए। टीम द्वारा मौके पर उपस्थित परिजनों एवं आयोजकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत इसे दंडनीय अपराध होने की जानकारी भी दी गई तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए सख्त हिदायत दी गई। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम अनुपम शर्मा, तहसीलदार बैराड़ दृगपाल वैश्य, थाना प्रभारी बैराड़ सुरेश शर्मा, परियोजना अधिकारी नीरज सिंह गुर्जर, पर्यवेक्षक भावना मिश्रा सहित राजस्व अमला, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी एवं सचिव मौजूद रहे। प्रशासन की इस तत्परता से स्पष्ट है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए जिले में सख्ती के साथ जागरूकता अभियान भी जारी है।

## नयागांव में तालाब गहरीकरण हेतु श्रमदान



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 29अप्रैल.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड शिवपुरी के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के द्वितीय चरण 'जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम ङ्क सुरक्षित जल, समृद्ध कल' के तहत सतनवाड़ा सेक्टर के प्रस्फुटन ग्राम नयागांव में आदिवासी बस्ती स्थित तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रहलाद भारती पूर्व विधायक, पूर्व उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम, राज्य मंत्री दर्जा, अशोक खंडेलवाल वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, चंदन सिंह धाकड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष सतनवाड़ा, शिशुपाल सिंह जादौन विकासखंड समन्वयक, जन अभियान परिषद शिवपुरी तथा हरिराम बिड़ला जिला प्रबंधक, इफको सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। जन अभियान परिषद द्वारा 28 मार्च से 4 जून 2026 तक चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन, जल संगोष्ठी, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण जैसी गतिविधियां प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों व मेंटर्स के माध्यम से संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में ग्राम नयागांव में तालाब गहरीकरण के लिए आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रहलाद भारती ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व श्रमदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने जन अभियान परिषद की पहल को सराहनीय बताया।

## किसान कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष यादव ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**बदरवास, 29 अप्रैल.** किसान कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष राजीव यादव द्वारा अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया ताकि फसल खरीद और किसानों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया जा सके। वह मंडी में अव्यवस्थाओं को देख खासे नाराज दिखे,जिसको लेकर अधिकारियों से संपर्क करना चाहा तो मंडी में कोई कर्मचारी मौके पर नहीं मिला,साथ ही किसानों से बात कर उनकी समस्याओं को जाना,उन्होंने नवभारत संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि मंडी में किसानों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं,शौचालय की व्यवस्था नहीं,छाया की व्यवस्था नहीं है,वारदाना तक नहीं मिल पा रहा, जगह की कमी सुविधाओं के नाम पर धूप में घंटो इंतजार कर किसान अपनी फसल को बेच पा रहे हैं। केंटीन चालू न होने चाय नाश्ता के लिए भी बाजार में जाना पड़ रहा है। इस दौरान किसान

### अव्यवस्थाओं को लेकर जताई नाराजगी

कांग्रेस कमेटी ब्लॉक उपाध्यक्ष रवि शर्मा,राजीव परिहार, गिरिराज यादव, नरेंद्र यादव, अंकेश यादव, राम कृष्ण ओझा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुगम व्यापार के लिए अनिवार्य रूप से बनवाएं ट्रेड लाइसेंस

**ग्वालियर 29 अप्रैल.** नगर निगम ग्वालियर सीमांतर्गत सभी व्यापारी नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस ले और अपना व्यापार सुगमता से करें। इसके लिए नगर निगम द्वारा सभी को ट्रेड लाइसेंस प्रदान किया जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार सिटी प्लानर को निर्देशित किया है कि नगर निगम सीमांतर्गत सभी मैरिज गार्डन एवं रिसोर्ट का ट्रेड लायसेंस बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

## ओलम्पियाड सम्मान समारोह : जिले के 32 प्रतिभाशाली विद्यार्थी हुए सम्मानित




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 29अप्रैल.** बदरवास के 13 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने सम्मानित किया और बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप देश का भविष्य हो। इसी तरह पूरी लगन से लगातार मेहनत करते रहो और जिस क्षेत्र में रुचि है उसमें अपना बेहतर प्रयास करके आगे बढ़ो।

उल्लेखनीय है कि ओलम्पियाड सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु प्रथम चरण की परीक्षा 04 नवम्बर 2025 को आयोजित की गई थी। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक कक्षा एवं विषय के जिले के प्रथम स्थान प्राप्त 32 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। बीआरसीसी तोमर ने बताया कि 13 छात्र बदरवास विकासखंड के है।विगत सत्र की ओलंपियाड प्रतियोगिता में भी 13 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया था। उपस्थित को लेकर बदरवास जिले में प्रथम स्थान पर रहा था।साथ ही सबसे अधिक सम्मानित छात्र बदरवास के है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 16 एवं 17 जनवरी 2026 को विकासखण्ड मुख्यालयों पर किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल विद्यार्थियों में से 4,875 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

ओलम्पियाड के अंतर्गत कक्षानुसार विषय निर्धारित किए गए थे, जिनमें कक्षा 2 एवं 3 के लिए 03 विषय, कक्षा 4 एवं 5 के लिए 04 विषय तथा कक्षा 6 से 8 के लिए 06 विषय शामिल किए गए थे।

### बदरवास विकासखंड के 13 छात्रों का हुआ सम्मान

इसमें बदरवास के सबसे अधिक 13, करेरा के 05, खनियाधाना 07, नरवर 03, शिवपुरी 03 और पिछोर से एक छात्र शामिल हुआ।बच्चों को स्कूल बैग ड्रेस और शील्ड प्रदान की गई। सम्मान समारोह में डीपीसी सिकरवार, एपीसी राजा बाबू आर्य,एपीसी मुकेश पाठक,उमेश करारे, अतर सिंह राजोरिया, प्रोग्रामर जुगराज प्रजापति,शोभित जैन जिला शिक्षा केंद्र से एवं मार्गदर्शक शिक्षक सहित पालक उपस्थित रहे। बीआरसीसी तोमर ने जनपद शिक्षाकेंद्र की पूरी टीम को बधाई दी।

### स्वच्छता की पाठशाला में विद्यार्थियों को पढाया स्वच्छता का पाठ

**ग्वालियर.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर में आईईसी की टीम के सहयोग से नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं कॉलोनियों में जाकर छात्र-छात्राओं एंव आमजन को गीला सूखा कचरे अलग देने के लिए जागरूक करने के साथ ही स्वच्छता का फीडबैक भी लिया जा रहा है। आईईसी के नोडल अधिकारी मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत आईईसी टीम द्वारा वार्ड 59 स्थित ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल में अपर आयुक्त स्वास्थ्य टी. प्रतीक राव के निर्देशन में विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाया गया।

## फर्जी वसीयतनामा बनाकर जमीन हड़पने का आरोप



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 अप्रैल.** जिले के करैरा क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है। मड़ोरीपुरा वार्ड क्रमांक-1 निवासी जुलेखा उर्फ जिल्लो ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि परिवार के ही कुछ लोगों द्वारा फर्जी वसीयतनामा तैयार कर पुश्तैनी जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। पीड़िता के अनुसार, हिदायत उल्ला उर्फ फद्दे, ओवैद उल्ला उर्फ बॉबी, राहत उल्ला उर्फ गुप्लू और खलील उल्ला उर्फ भैया ने सुनियोजित तरीके से उनके पिता को अपने प्रभाव में लेकर परिवार से अलग कर दिया है। आरोप है कि उन्हें परिजनों से मिलने तक नहीं दिया जा रहा और इसी दबाव में अवैध दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम कराने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि ओवैद उल्ला उर्फ बॉबी का नाम पूर्व में भी फर्जीवाड़े के एक मामले में सामने आ चुका है, जिसमें कथित रूप से फर्जी मुख्तारनामा तैयार कर जमीन हड़पने का प्रयास किया गया था और उसे सजा भी मिल चुकी है। आवेदन में पीड़िता ने आरोपियों द्वारा लगातार धमकाने की बात कहते हुए फर्जी दस्तावेजों को निरस्त करने, निष्पक्ष जांच कराने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। मामला सामने आने के बाद करैरा क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। अब इस पूरे प्रकरण में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### मदाखलत अमले ने हटाया अस्थायी अतिक्रमण

**ग्वालियर.** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध निर्माण को रोका जाकर सामान जप्त किया गया।

### टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 29 अप्रैल.** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के संदर्भ में शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाली टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर पोहरी में अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता से लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इस व्यवस्था को समाप्त कर शिक्षकों को राहत प्रदान की जाए। इस दौरान मोर्चा के कई सदस्य मौजूद रहे, जिनमें भरत सिंह धाकड़, अमर सिंह कुशवाह, सुखलाल वर्मा, हेमंत भार्गवसहित करीब आधा सैकड़ा शिक्षक शामिल रहे।

## पत्रकारों ने दी सीएमओ राधा शर्मा को विदाई

### राधा कृष्ण वाटिका में हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 29 अप्रैल.** नगर परिषद पोहरी की मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) राधा शर्मा को पत्रकारों की ओर से आज राधा कृष्ण वाटिका में भव्य एवं भावभीनी विदाई दी गई। खास बात यह रही कि पोहरी में पहली बार पत्रकारों द्वारा इस तरह का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिससे कार्यक्रम विशेष बन गया।

इस अवसर पर नगर के कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष श्री मति रश्मि नेपाल सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष श्री मति कृष्णलता संजीव शर्मा, पार्षद मुकेश धाकड़, थाना प्रभारी रवि चौहान, जनपद सीईओ आफिसर सिंह गुर्जर, वन विभाग की रेंजर श्रुति राठौर, बीईओ अवधेश तोमर, संकुल प्रभारी भरत धाकड़, शिवकुमार श्रीवास्तव शिक्षक आरआई वीरू वर्मा, योगेश गुप्ता सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं समस्त पत्रकारगण मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने राधा शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके कार्यों को यादगार बताया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में नगर में कई विकास कार्य हुए और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत हुई। वहीं राधा शर्मा ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पोहरी में मिला सहयोग और स्नेह उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने पत्रकारों के इस अनूठे सम्मान के लिए विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन सम्मान एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिवपुरी में गहराया पेयजल संकट : 4 दिन से पानी सप्लाई ठप



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 अप्रैल.** शिवपुरी में करोड़ों की लागत से बनी सिंध जलावर्धन योजना के फेल होने से पेयजल संकट गहरा गया है। पिछले चार दिनों से शहर की जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ठप है। 42 डिग्री से अधिक तापमान के बीच लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण पानी की आपूर्ति बाधित है। पहले मोटरों के स्टार्टर खराब हुए और बाद में मुख्य मोटर भी खराब हो गई, जिससे संकट और बढ़ गया। वर्तमान में केवल एक ही मोटर चालू है, जिससे शहर की पूरी आबादी को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों मोटरें चालू हुए बिना सप्लाई सामान्य नहीं हो सकती। शहर के करीब 75 प्रतिशत इलाके ओवरहेड टैंकों से पानी पर निर्भर हैं, लेकिन टैंक भर नहीं पा रहे हैं। इससे अधिकतर वार्डों में पेयजल संकट गहरा गया है। वार्ड क्रमांक-7 की रामबाग कॉलोनी में चार दिनों से ट्यूबवेल बंद है। स्थानीय लोग, खासकर महिलाएं और बच्चे, दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

लोगों का आरोप है कि नगर पालिका ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। टैंकरों से आपूर्ति भी पर्याप्त नहीं हो पा रही, जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है। नगर पालिका एई सचिन चौहान ने बताया कि फिल्टर प्लांट की जांच के लिए मैकेनिक बुलाए गए हैं। एक-दो दिन में व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है।

## यातायात पुलिस ने ब्लैकस्पॉट से क्लासरूम तक चलाया जागरूकता अभियान



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 अप्रैल.** शहर में सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने हेलमेट को लेकर सख्त और जागरूकता आधारित अभियान छेड़ दिया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान में अब सिर्फ चालान नहीं, बल्कि समझाइश और शिक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में यातायात पुलिस ने शहर के संवेदनशील ब्लैकस्पॉट पिपरसमा चौराहा और पिपरसमा कृषि मंडी पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यहां किसानों, राहगीरों और बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को रोककर न सिर्फ नियमों की जानकारी दी गई, बल्कि हेलमेट की अहमियत भी समझाई गई। पुलिस ने साफ संदेश दिया। एक हेलमेट, कई जिंदगियों की सुरक्षा। वहीं, इस मुहिम को नई दिशा देते हुए जीके हेरिटेज स्कूल में यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया। बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम, हेलमेट की उपयोगिता और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यातायात नियमों की शपथ भी दिलाई गई, ताकि वे खुद सुरक्षित रहें और अपने परिवार को भी जागरूक करें।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करें : अपर आयुक्त राव

**ग्वालियर.** अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी के साथ बैठक कर स्वच्छता की समीक्षा की तथा स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर जानकारियां प्रदान की और स्पष्ट निर्देश दिए कि कहीं पर भी गंदगी ना दिखाई दे। बाल भवन के एक्यूआई सेंटर में आयोजित स्वच्छता कार्यशाला में उपायुक्त मुकेश बंसल, एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अन्य सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजमाता की पुण्यतिथि पर महिला मैराथन 15 मई को



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 अप्रैल.** शिवपुरी में महिलाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 15 मई को एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। कै. राजमाता माधवीराजे सिंधिया की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय महिला मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस आयोजन को महिला सशक्तिकरण और खेल जागरूकता की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है।एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शर्मा और सचिव संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा से यह आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता जिला मुख्यालय स्थित पोलो ग्राउंड पर आयोजित होगी, जिसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकेंगी। इस मैराथन में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को 10,000 रुपये, द्वितीय को 7,000 रुपये और तृतीय को 5,000 रुपये की राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन महिलाओं में खेल भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच भी प्रदान करते हैं। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने अधिक से अधिक महिलाओं से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

### सफाई संरक्षकों का वेतन समय पर मिले निगमायुक्त

**ग्वालियर.** ग्वालियर की सफाई व्यवस्था संभालने वाले सफाई संरक्षकों का वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है, इसे देखते हुए नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सभी को निर्देश दिए हैं।

## निगमायुक्त ने की समीक्षा,लापरवाही पर सुपरवाइजरों का वेतन रोकने के निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 अप्रैल.** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में शहर के पार्कों के रखरखाव, डिवाइडरों पर पौधारोपण और फाउंटेंस की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, नोडल अधिकारी पार्क मुकेश बंसल, पार्क अधीक्षक शैलेंद्र चौहान सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे। बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने पार्क विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डिवाइडरों में पौधों में पानी नहीं दिए जाने को लेकर नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही सुपरवाइजरों से ग्रीन ग्वालियर, क्लीन ग्वालियर अभियान के तहत किए जाने वाले पौधरोपण को लेकर पार्क सुपरवाइजरों से प्लानिंग पूछी। पार्क सुपरवाइजरों द्वारा अभी तक पौधरोपण के लिए जगह का चयन नहीं किए जाने को लेकर नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए सुपरवाइजरों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दो दिन में शासकीय भूमि, पहाडियों, पार्कों, डिवाइडरों का सर्वे कर पौधरोपण के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध वाहन धुलाई सेंटर पर रोक लगाने निगमायुक्त ने दिए निर्देश

**ग्वालियर 29 अप्रैल।** गर्मी के मौसम में जल समस्या को देखते हुए निगमायुक्त संघ प्रिय द्वारा अवैध वाहन धुलाई सेंटरों पर सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त संघ प्रिय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी सहायक यंत्री, पीएचई एवं मदाखलत अमले को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत चल रहे वाहन धुलाई सेन्टरों को चिन्हित कर तत्काल बन्द कराएं। चेतावनी के बाद भी यदि वाहन धुलाई सेंटर संचालक के द्वारा धुलाई सेंटर बन्द नहीं करता है तो मदाखलत अमले की मदद जल कनेक्शन विच्छेद किए जाने की कार्यवाही करें। जिस क्षेत्र में वाहन धुलाई सेंटर संचालित होना पाया गया तो उस क्षेत्र के उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं मदाखलत प्रभारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी ।